16/03/2026

आकाशवाणी ईटानगर

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव दो चरणों में कराने की घोषणा की है। ये चुनाव आगामी तैईस और उनतीस अप्रैल को होंगे। इसके साथ ही छह राज्यों के आठ विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव भी कराए जाएंगे। गोवा, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, नागालैंड और त्रिपुरा में इन उपचुनावों के लिए मतदान नौ अप्रैल को होगा।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ़्टिनेंट जनरल रिटयर्ड के.टी.परनाइक ने आज ईटानगर के स्टेट बैंक्वेट हॉल में सूक्ष्म और लघु उद्यमियों के लिए बिज़नेस ट्रांसफॉर्मेशन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राज्यपाल ने उद्यमियों से आह्वान किया कि वे राज्य के विकास में योगदान देने वाले क्षेत्रों में उत्पादक परिसंपत्तियों का सृजन करें। उन्होंने प्रतिभागियों से कार्यशाला का पूरा लाभ उठाने, सक्रिय रूप से सीखने और प्राप्त ज्ञान को सफल तथा टिकाऊ उद्यमों में बदलने का भी आग्रह किया।

0000000000000000000000000

प्रस्तावित सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजना के प्री-फिज़िबिलिटी रिपोर्ट सर्वेक्षण के समर्थन में हुए नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, अपर सियांग जिले के बोमदो गांव के कुल सत्तासी परिवारों में से छप्पन परिवारों ने आज यिंगकियोंग स्थित डीसी बंगलॉ के सम्मेलन कक्ष में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर औपचारिक रूप से अपनी सहमति प्रदान की।

0000000000000000000000000

निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत आज आनीनी स्थित जिला अस्पताल में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण कार्यक्रम शुरू किया गया। यह कार्यक्रम जिला चिकित्सा अधिकारी और अस्पताल के अन्य चिकित्सा अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। टीकाकरण अभियान जिले के स्वास्थ्यकर्मियों की सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसका उद्देश्य समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण की रक्षा करना है।

0000000000000000000000000

आगामी जनगणना 2027 के लिए फील्ड ट्रेनर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत आज अपर सुबनसिरी जिले के दापोरिजो में हुई। 16 से 18 मार्च 2026 तक चलने वाले इस प्रशिक्षण का उद्देश्य

फील्ड ट्रेनर्स की क्षमता को विकसित करना है, जो आगामी जनगणना कार्यों के लिए गणनाकर्ताओं और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण देंगे।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश लिटरेरी सोसाइटी ने कल ईटानगर स्थित जवाहरलाल नेहरू राज्य संग्रहालय सभागार में **वांग्गो सोसिया** द्वारा लिखित हिंदी उपन्यास **"मीरा: एक सफर"** का विमोचन किया। यह उपन्यास एक महिला के संघर्ष, साहस और आत्म-खोज की यात्रा को दर्शाता है और समकालीन हिंदी साहित्य में एक प्रेरणादायक योगदान माना जा रहा है।

0000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के ग्यारह जिलों वेस्ट कामेङ, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, ईस्ट सियाङ, लोअर सियाङ, लेपा रादा, दिबाङ वैली, नामसाई, चाङलाङ, तिराप और लोङदिङ के लिए येलो एवं अन्य तीन जिलों लोअर दिबाङ वैली, आंजाव और लोहित के लिए अगले 24 घंटों में ग़रज के साथ बहुत तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया हैं।

0000000000000000000000000

असम राइफल्स की खोंसा बटालियन ने रविवार को तिराप जिले में आयोजित एक आउटरीच कार्यक्रम के दौरान 'ऑपरेशन सद्भावना' के तहत तिराप और लोंगडिंग जिलों के लाभार्थियों को कृत्रिम अंग वितरित किए। इस दौरान लाभार्थियों की पहचान स्थानीय अधिकारियों के समन्वय से की गई, ताकि उन्हें समय पर और वास्तविक सहायता सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय के सदस्यों और प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। लाभार्थियों और उनके परिवार के सद्स्यों ने इस पहल के लिए, एवं क्षेत्र के लोगों को लगातार समर्थन प्रदान करने के लिए असम राइफल्स के प्रति आभार व्यक्त किया।

0000000000000000000000000

लेपराडा ज़िले में, 12 से 14 मार्च तक, बासर स्थित ICAR केंद्र द्वारा महिला किसानों के लिए 'प्रोमोशन ऑफ़ न्युट्रीशन गार्डेन्स फ़ॉर ट्राइबल फ़ार्मिंग कम्यूनीटीज़' विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में FPO एवं SHG से कुल साठ महिला किसानों और ArSRLM के पाँच अधिकारियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं में, घरेलू पोषण और आजीविका में सुधार लाने के लिए पोषण वाटिकाएँ स्थापित करने और उनका प्रबंधन करने के संबंध में जागरूकता और कौशल को बढ़ाना था।

0000000000000000000000000

ईरान में भारतीय दूतावास ने वहां रह रहे भारतीय नागरिकों को सख्त सलाह दी है कि वे आगे की यात्रा के लिए बिना तेहरान स्थित भारतीय दूतावास से पूर्व और स्पष्ट समन्वय के ईरान की किसी भी भूमि सीमा के पास न जाएं और न ही उसे पार करने का प्रयास करें। दूतावास ने यह भी आग्रह किया है कि सभी भारतीय नागरिक दूतावास की सलाह का सख्ती से पालन करें और किसी भी यात्रा से पहले आधिकारिक माध्यमों के संपर्क में रहें।

0000000000000000000000000

पूर्व सैनिकों को नागरिक कार्यक्षेत्र में पुनर्स्थापित करने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत, पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के अंतर्गत पुनर्वास महानिदेशालय 20 मार्च को नई दिल्ली में पूर्व सैनिकों के लिए एक जॉब फेयर का आयोजन कर रहा है। यह जॉब फेयर भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के पूर्व सैनिकों को विभिन्न क्षेत्रों के कॉरपोरेट और औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रमुख नियोक्ताओं से जोड़ने का एक विशेष मंच प्रदान करेगा। यह पहल पूर्व सैनिकों के पुनर्वास और कल्याण के प्रति विभाग की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

0000000000000000000000000